भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1678

जिसका उत्तर 15.03.2023 को दिया जाना है

दिल्ली और अंबाला के बीच एनएच-44 का लगातार निर्माण कार्य

1678. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के सबसे लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग-44 का हिस्सा होने के बावजूद दिल्ली - अंबाला राजमार्ग पर लगातार निर्माण कार्य के क्या कारण हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान दिल्ली और अंबाला के बीच इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार निर्माण कार्य के कारण कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुईं और कितने नागरिक मारे गए, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा दिल्ली और अंबाला के बीच इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) **रारा-44 का मुकरबा चौक से पानीपत खंड**: रारा-44 के मुकरबा चौक से पानीपत तक के खंड की 8-लेन की परियोजना का काम 910 दिनों की निर्माण अवधि के साथ 27.10.2016 को शुरू हुआ था। लेकिन रियायतग्राही द्वारा काम छोड़ दिया गया था। इसके बाद, प्रमुख बैंकरों के अनुरोध पर परियोजना खंड के शेष कार्य को पूरा करने के लिए सामंजस्यपूर्ण प्रतिस्थापन समझौते पर 08.06.2020 को हस्ताक्षर किए गए हैं। साइट पर निर्माण कार्यकलापों में विलंब के मुख्य कारण कोविड-19, किसान आंदोलन और माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा निर्माण कार्यकलापों पर प्रतिबंध थे।

रारा-44 का पानीपत-अंबाला खंड: इस खंड को 4 लेन का बनाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है। इस खंड पर कुछ अतिरिक्त कार्य निम्नानुसार किए गए हैं:

i <u>198.600 किमी पर वाहन अंडरपास (वीयूपी)</u>: श्री अनिल विज, माननीय गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा राज्य सरकार के वीआईपी संदर्भ के आधार पर कार्य किया गया था।

ii एलएचएस पर किमी 160.100 पर बड़े पुल का पुनर्निर्माण: बहुत पुराने निर्माण के कारण मौजूदा पुल जर्जर हो गया था, इसलिए काम किया गया था।

iii किमी 115.000 पर बड़े पुल का निर्माण: ज्यामिति में सुधार का काम किया गया था।

(ख) लगातार निर्माण कार्यों के कारण ऐसी कोई दुर्घटना या मौत का मामला सामने नहीं आया है। परियोजना के रियायतग्राही द्वारा निर्माण क्षेत्र में आईआरसी दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

(ग) कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित रियायतग्राही/ठेकेदार साइट पर कार्य को तेजी से निष्पादित कर रहे हैं।

(घ) **रारा-44 का मुकरबा चौक से पानीपत खंड**: इस खंड पर 8-लेन का काम 31 मार्च, 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

रारा-44 का पानीपत-अंबाला खंड:

i 198.600 किमी पर वाहन अंडरपास (वीयूपी): कार्य पूरा करने की लक्षित तारीख 31.03.2023 है।

ii एलएचएस पर किमी 160.100 पर बड़े पुल का पुनर्निर्माण: काम पूरा करने की लक्षित तारीख 20.11.2023 है।

iii किमी 115 पर बड़े पुल का निर्माण: कार्य पूरा करने की लक्षित तारीख 06.07.2024 है।

*****